तापमान

भोपाल	16.0°	31.0°
इंदौर	15.0°	31.0°
जबलपुर	13.0°	31.0°
ग्वालियर	17.0°	33.0°
सागर	17.0°	31.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 337, पृष्ठ 12)
कार्तिक, कृष्ण एकादशी संवत् 2083
गुरूवार, 5 नवम्बर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com

भोपाल संस्करण

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित


राजधानी... दीपावली पर अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं अवैध ...


खेल... बाबर अपनी बल्लेबाजी लय हासिल करने विदेशी कोच ...


व्यापार... धनतेरस के पहले सर्राफा बाजार में चमका सोना, ...


देश-विदेश... बालेन्द्र सरकार अपनी ही पार्टी के निर्देशों की ...

खास-खबरें

चुनाव आयुक्तों को आजीवन कानूनी छूट पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों को आधिकारिक कार्यों के लिए दी गई आजीवन कानूनी छूट की संवैधानिक वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। अदालत ने मामले में केंद्र सरकार और भारत निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने याचिका दायर कर मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 की धारा 16 पर सवाल उठाए हैं।

निर्मला की विधायकी पर दो महीने में फैसला करें: सुप्रीम कोर्ट

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष को बीना से विधायक निर्मला सप्रे के दलबदल मामले में दो महीने के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत आने वाले मामलों का शीघ्र निराकरण किया जाना चाहिए, भले ही हाई कोर्ट ने मामले में तत्काल हस्तक्षेप की जरूरत न मानी हो। निर्मला सप्रे वर्ष 2023 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीतकर विधायक बनी थीं।

अमूल ने घी-बटर के दाम बढ़ाए, एक किलो घी 680 का हुआ

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: अमूल ने घी और बटर की कीमतों में 3 से 50 रुपये तक की बढ़ोतरी की है। एक किलो घी का कार्टन अब 630 रुपये के बजाय 680 रुपये में मिलेगा। वहीं, 100 ग्राम बटर पैक की कीमत 63 से बढ़कर 66 रुपये हो गई है। अमूल के 500 ग्राम प्योर घी पाउच की कीमत 325 से बढ़कर 345और 500 ग्राम बटर पैक की कीमत 310 से बढ़कर 325 रुपये हो गई है।

दो से अधिक बच्चों की शर्त पर सुप्रीम कोर्ट ने उठाए सवाल

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने दो से अधिक बच्चों वाले लोगों को स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने से रोकने वाले कानूनों की प्रासंगिकता पर सवाल उठाए हैं। अदालत ने कहा कि घटती प्रजनन दर और बदलती जनसांख्यिकी के बीच इन कानूनों का औचित्य कमजोर पड़ सकता है। मामले की संवैधानिक वैधता पर विचार के लिए इसे बड़ी पीठ के पास भेज दिया गया है।

हैदराबाद में नकली नोट छापने की फैक्ट्री का भंडाफोड़

नईदुनिया ब्यूरो, हैदराबाद: तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में पुलिस ने नकली भारतीय करेंसी छापने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 500 रुपये के करीब 6.7 करोड़ रुपये मूल्य के नकली नोट बरामद किए गए हैं। पुलिस ने नोट छापने में इस्तेमाल होने वाले प्रिंटर, लैपटॉप, करेंसी कटिंग मशीन और अन्य उपकरण भी जब्त किए हैं।

तेहरान में युद्ध की तबाही के खिलाफ प्रदर्शन

ट्रंप पर दोहरा संकट

चुनाव में रिपब्लिकन को झटका, ईरान में विरोध तेज



तेहरान/वॉशिंगटन, एजेंसी : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर चुनौतियां बढ़ती दिखाई दे रही हैं। अमेरिका के मध्यावधि चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी को झटका लगा है, वहीं ईरान की राजधानी तेहरान में युद्ध की तबाही के खिलाफ गुस्सा सड़कों पर नजर आ रहा है। शहर के प्रमुख इलाकों में ट्रंप विरोधी पोस्टर और बिलबोर्ड लगाए गए हैं। ईरान में इन प्रदर्शनों को युद्ध में हुए नुकसान और मारे गए नेताओं के प्रति आक्रोश से जोड़कर देखा जा रहा है। तेहरान के एंगेलाब स्क्वायर में लगाए गए विशाल पोस्टरों में ट्रंप को जेल की सलाखों के पीछे दिखाया गया है। कुछ पोस्टरों में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, अमेरिकी अधिकारियों और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ भी आपत्तिजनक संदेश हैं। प्रदर्शनकारियों ने लाल झंडे और बदले की मांग वाले बैनर लेकर विरोध जताया। ईरान में युद्ध के दौरान सैन्य ठिकानों के साथ बड़े पैमाने पर तबाही और जनहानि की खबरें सामने आई थीं। ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामनेई समेत कई वरिष्ठ नेताओं और कमांडरों की मौत के बाद देश में अमेरिकी और इजराइली कार्रवाई के खिलाफ नाराजगी बनी हुई है।

भारतवंशी नेताओं की जीत

अमेरिका के मिडटर्म चुनाव में भारतीय मूल के कई नेताओं ने जीत दर्ज की है। कैलिफोर्निया, वॉशिंगटन, वर्जीनिया, मैरीलैंड और फ्लोरिडा में भारतवंशी उम्मीदवारों को मतदाताओं का समर्थन मिला। वहीं, ओहायो में रिपब्लिकन नेता विवेक रामास्वामी को हार का सामना करना पड़ा। कैलिफोर्निया से डेमोक्रेटिक सांसद रो खन्ना ने लगातार छठी बार अमेरिकी प्रतिनिधि सभा का चुनाव जीता। उन्होंने रिपब्लिकन उम्मीदवार रितेश टंडन को हराया। वॉशिंगटन के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से प्रमिला जयपाल ने भी जीत दर्ज की। उन्हें 87.5% वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी नीरव शेठ को 12.1 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। फ्लोरिडा के 22वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से पिया डंडिया ने रिपब्लिकन उम्मीदवार कैसी आस्कर को हराया। उन्हें अमेरिकी संसद के लिए चुनी जाने वाली पहली दक्षिण एशियाई महिला बताया गया है। वर्जीनिया में सुहास सुब्रमण्यम ने दूसरी बार जीत हासिल की। उन्हें 63.16% वोट मिले, जबकि रिपब्लिकन उम्मीदवार डेव बेकविथ को 34.66% मत प्राप्त हुए। मैरीलैंड में अरुणा मिलर ने डिप्टी गवर्नर पद पर जीत दर्ज की। दूसरी ओर, ओहायो में रिपब्लिकन नेता विवेक रामास्वामी डेमोक्रेटिक उम्मीदवार एमी एक्टन से करीब छह प्रतिशत वोटों के अंतर से चुनाव हार गए।

अग्निवीरों के सेवा कार्यकाल में दो साल के विस्तार को मंजूरी

पहले बैच के करीब 18,300 अग्निवीरों को मिलेगा लाभ; विस्तारित अवधि में बढ़े हुए वेतन-भत्ते और सेवा निधि का भी प्रावधान





नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अग्निवीरों के सेवा कार्यकाल में दो साल के विस्तार को मंजूरी दे दी है। इसके तहत चार साल की सेवा पूरी करने वाले अग्निवीरों को अब छह साल तक सेवा का अवसर मिल सकेगा। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि ने फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि विस्तारित अवधि पूरी होने के बाद इच्छुक अग्निवीरों को निष्पक्ष और वस्तुनिष्ठ चयन प्रक्रिया के आधार पर नियमित सशस्त्र बलों में शामिल करने का रास्ता तैयार किया गया है। अग्निपथ योजना के मौजूदा प्रावधानों के अनुसार, प्रत्येक बैच के 25 प्रतिशत अग्निवीरों को चार साल की सेवा के बाद योग्यता के आधार पर नियमित सेवा में शामिल किया जाता था। केंद्र सरकार ने यह योजना 14 जून 2022 को शुरू की थी।

इस फैसले का असर पहले बैच के अग्निवीरों पर पड़ेगा। थल सेना, नौसेना और वायु सेना में भर्ती हुए 24,400 जवानों में से करीब 18,300 अग्निवीर दिसंबर 2026 तक चार साल की सेवा पूरी करने वाले थे। इससे पहले नौसेना के पहले बैच की सेवा 21 नवंबर, वायु सेना की 21 दिसंबर और थल सेना की 31 दिसंबर 2026 को समाप्त होनी निर्धारित थी।

विस्तारित सेवा अवधि के दौरान अग्निवीरों को बढ़े हुए वेतन-भत्ते और विस्तारित सेवा निधि का लाभ भी दिया जाएगा।

'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा

कांग्रेस देश को अस्थिर करना चाहती है : नड्डा

राहुल गांधी की राजनीति को बताया 'हिट एंड रन', सीएम मोहन यादव बोले- जनता माफ नहीं करेगी



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: भाजपा ने बुधवार को भोपाल में 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा निकाली। अटल पथ पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर लोकतांत्रिक संस्थाओं का अपमान करने और देश को अस्थिर करने की कोशिश का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि न्यायपालिका और चुनाव आयोग पर सवाल उठाने वालों को जनता माफ नहीं करेगी। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस किस मुंह से लोकतंत्र की रक्षा की बात करती है, जबकि उसके शासनकाल में 90 बार चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया गया। आपातकाल का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वे स्वयं उसके भुक्तभोगी रहे हैं। नड्डा के मुताबिक, कांग्रेस और इंडी गठबंधन देश को अस्थिर करना चाहते हैं।

अपमान करने वालों को...

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग का अपमान करने वालों को जनता माफ नहीं करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए भी न्यायालय के फैसलों का विरोध किया और आपातकाल इसका उदाहरण है। सभा के बाद नड्डा और मुख्यमंत्री यादव ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ झंडा लहराते हुए पदयात्रा शुरू की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ सांकेतिक प्रदर्शन भी किया।

ईरान ने भारत-चीन समेत चार देशों को होर्मुज से गुजरने की छूट दी

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: अमेरिका में मध्यावधि चुनावों के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रिपब्लिकन पार्टी को झटका लगने के बीच ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही को लेकर अहम फैसला किया है। ईरान ने भारत, चीन, इराक और कतर के जहाजों को इस समुद्री मार्ग से गुजरने संबंधी प्रतिबंधों से छूट देने की घोषणा की है। ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के उपाध्यक्ष अमीर हयात-मोघद्दम ने ईरानी स्टूडेंट्स न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में कहा कि इन चार देशों के जहाज बिना किसी रोक-टोक के होर्मुज से गुजर सकते हैं। उनके मुताबिक, इस छूट का उद्देश्य इन देशों के साथ ईरान के हितों को मजबूत करना है। हयात-मोघद्दम ने बताया कि भारत के जहाजों को छूट इसलिए दी गई है, ताकि ईरान भारत से दवाओं का आयात कर सके।

वहीं, चीन को यह सुविधा राजनीतिक समर्थन हासिल करने के उद्देश्य से दी गई है।

लोकसभा में भगवंत मान के मुंह से आती थी शराब की बदबू: राहुल गांधी



संगरूर। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को पंजाब के संगरूर में कांग्रेस की 'इंसाफ रैली' को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब में नशे की समस्या पर काबू पाने में सरकार नाकाम रही है। राहुल गांधी ने लोकसभा का एक प्रसंग साझा करते हुए दावा किया कि सुबह सदन में भगवंत मान उनके पास बैठकर चुटकुले सुनाते थे और करीब 11 बजे उनके मुंह से शराब की बदबू आती थी।

सोनीपत में 20 नवंबर तक 50% कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम



नईदुनिया ब्यूरो, सोनीपत: एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सोनीपत जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। जिले में 5 से 20 नवंबर तक सरकारी और निजी कार्यालयों में अधिकतम 50 प्रतिशत कर्मचारी ही कार्यालय आ सकेंगे। बाकी कर्मचारियों को घर से काम करना होगा। इस दौरान धूल पैदा करने वाली सभी प्रकार की निर्माण और तोड़फोड़ गतिविधियों पर भी रोक रहेगी। जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए हैं। सभी विभागाध्यक्ष और संस्थान प्रमुख कर्मचारियों का रोस्टर तैयार करेंगे, ताकि जरूरी कामकाज प्रभावित न हो। यह व्यवस्था सरकारी विभागों, निजी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, विश्वविद्यालयों और अन्य प्रतिष्ठानों पर लागू होगी।

आंध्र में मुरासु तूफान से तबाही, 35 ट्रेनें रद्द

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश में चक्रवाती तूफान मुरासु ने भारी तबाही मचाई है। तूफान के कारण दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 52 हजार हेक्टेयर से अधिक फसल बर्बाद हो गई। रेल यातायात प्रभावित होने से 35 से ज्यादा ट्रेनें रद्द करनी पड़ीं। प्रशासन ने 12,230 लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया है। राज्य को करीब 344 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। बुधवार को भी तटीय इलाकों में भारी बारिश की संभावना है। पिछले 24 घंटों में तापमान में करीब चार डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई। बुधवार सुबह लखनऊ, वाराणसी, मुरादाबाद, बिजनौर और हापुड़ समेत 10 से अधिक जिलों में कोहरा छाया रहा।



बैठक आरक्षण का इस्तेमाल राजनीति के लिए नहीं हो...

राम मंदिर बनाकर दिखा दिया: दत्तात्रेय होसबाले



नईदुनिया ब्यूरो, इंदौर : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक बुधवार को इंदौर में समाप्त हुई। डेली कॉलेज में 2 नवंबर से चल रही बैठक में देशभर से करीब 400 प्रतिनिधि शामिल हुए। समापन के बाद संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने पत्रकारों से बातचीत में आरक्षण, मंदिरों से जुड़े मामलों, संगठन विस्तार, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), संघ के पंजीयन और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर संघ का पक्ष रखा। आरक्षण पर होसबाले ने कहा कि सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों को समान अवसर मिलने तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। इसका लाभ सभी पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि आरक्षण सामाजिक और ऐतिहासिक परिस्थितियों के आधार पर होना चाहिए, राजनीति के लिए इसका इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

80 देशों में स्वयंसेवक

अंतरराष्ट्रीय विस्तार पर होसबाले ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक 80 देशों में प्रेरणा के साथ काम कर रहे हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय संगठन बनाने का उद्देश्य नहीं है। संघ प्रमुख मोहन भागवत के न्यूयॉर्क, लंदन और टोरंटो में कार्यक्रम हुए, जहां उन्होंने स्थानीय लोगों और विश्वविद्यालयों में संवाद किया।

एक साल में 10,241 नए स्थानों तक पहुंचा संघ

होसबाले ने बताया कि संघ के शताब्दी वर्ष में संगठन का विस्तार हुआ है। एक साल में संघ की पहुंच 10,241 नए स्थानों तक बढ़ी है। अब देश के 63,208 स्थानों पर 99,423 शाखाएं संचालित हो रही हैं। इसके अलावा 34,982 साप्ताहिक मिलन और 14,096 मासिक मंडलियां चल रही हैं। इन गतिविधियों के जरिए संघ की पहुंच कुल 1,03,397 स्थानों तक हो गई है। सामाजिक एकता और समरसता के लिए देशभर में 94,218 हिंदू सम्मेलन आयोजित किए गए, जिनमें संघ के मुताबिक करीब पांच करोड़ लोगों ने भाग लिया।